Regarding need for establishing Speed Post Hub in RMS office in Jalgaon Parliamentary Constituency

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **(**जलगांव**) :** सभापति महोदय, मेरे जलगांव लोकसभा क्षेत्र में मंत्रालय ने जलगांव आरएमएस कार्यालय के पजीकरण विभाग को भुसावल के स्पीड पोस्ट हब में विलय करने का आदेश जारी किया है । यह निर्णय जलगाव के लोगों और आरएमएस कार्यालय के लिए अनावश्यक और अन्यायपूर्ण है । जलगांव जिला मुख्यालय होने के कारण यहां सभी प्रमुख सरकारी दफ्तर और संस्थान स्थित हैं, जैसे जिला कलेक्टर कार्यालय, नगर निगम, मेडिकल कॉलेज, और अन्य सरकारी कार्यालय हैं ।

माननीय सभापति**:** आपकी मांग आ गई है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** आप अपने-आप को उनसे एसोसिएट कर लें । आप लिख कर भेज दीजिए ।

?(व्यवधान)

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **:** इसके साथ ही, जलगांव में प्रमुख डाकघरों का नेटवर्क भी है, जो मेल और पत्राचार की डिलीवरी करता है । यदि जलगांव में स्पीड पोस्ट हब स्थापित किया जाता है, तो मेल की डिलीवरी में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा, जो वर्तमान में भुसावल हब से 24 से 48 घंटे तक होती है ।? (व्यवधान) यदि जलगांव में एक नया आईसीएच हब स्थापित किया जाए तो यहां अतिरिक्त 4000 से 4500 स्पीड पोस्ट पत्रों का भी संचालन किया जा सकेगा, जिससे समय पर डिलीवरी सुनिश्चित होगी । इसके अलावा, जलगांव जिला पूरे क्षेत्र में केंद्रीय स्थान पर स्थित है, और यहां से सड़क, रेल और हवाई मार्ग से अच्छी कनेक्टिविटी है, जो मेल की डिलीवरी को और भी सुलभ बनाता है ।? (व्यवधान)